MAY 2025 **U/ID 30678/ULE1A**

Time : Three hours Maximum : 75 marks

PART A — (10 × 2 = 20 marks)

किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक उत्तर 50 शब्दों में हों।

1. दमडी को छः महीने की सजा क्यों हुई?

2. 'मित्रता' पाठ का संदेश क्या है।

3. स्वामी विवेकानन्द की नज़रों में घृणा के पात्र कौन थे?

4. विकिरण द्वारा फसलों को जीवाणु रहित कैसे किया जा सकता है?

5. चुने हुए व्यवसाय के प्रति किस प्रकार की निष्ठा चाहिए?

6. परिपत्र कब लिखा जाता है?

7. अर्द्ध सरकारी पत्र से तात्पर्य क्या है?

8. सरकारी पत्रों की भाषा कैसी होनी चाहिए।

9. किन्हीं चार के हिन्दी रूप लिखिए।

Invoice, office order, Transportation, Supreme Court, Ministry of Energy.

10. किन्हीं चार के अंग्रेजी रूप लिखिए।

आकस्मिक छुट्टी, प्रभारी, संवाददाता, सहायक, विधि आयोग

11. किन्हीं दो के हिन्दी रूप लिखिए।

delay is regretted, as modified, discuss, null and void.

12. किन्हीं दो के अंग्रेजी रूप लिखिए।

निवेदन है कि, हस्ताक्षरार्थ, इस अवधि में, जैसी स्थिति हो।

PART B — ($5 \times 5 = 25$ marks)

किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

13. राय साहब ने दमडी को फँसे हुए देखा, तो हमदर्दी के बदले कठोरता से काम लिया।

14. जब एक बार मनुष्य अपना पैर कीचड़ में डाल देता है, तब फिर यह नहीं देखता है कि वह कहाँ और कैसी जगह पैर रखता है।

15. कर्म, भक्तियोग या ज्ञान के द्वारा; इनमें से किसी एक के द्वारा या एक से अधिक के द्वारा, या सब के सम्मिलन द्वारा यह ध्येय प्राप्त कर लो और मुक्त हो जाओ। यह धर्म का सर्वस्व है।

16. तथ्य तो यह है कि पदार्थों के उद्‌भासन के लिए विकिरण की जितनी मात्रा का उपयोग किया जाता है, वह इस सीमा से भी कम है।

17. अर्द्ध सरकारी पत्र कब और कैसे लिखा-जाता है?

18. संकल्प किसे कहते हैं? संकल्प लिखने की विधि को समझाइए।

19. परिपत्र का एक नमूना प्रस्तुत कीजिए।

PART C — (3 × 10 = 30 marks)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक उत्तर 500 शब्दों में हो।

20. दमड़ी का चरित्र-चित्रण कीजिए। (1 × 10 = 10)

अथवा

21. 'युवाओं से' पाठ का सारांश लिखिए।

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। $(2 \times 10 = 20)$

22. भाई की शादी में भाग लेने हेतु दो दिन की छुट्टी मांगते हुए अपने कॉलेज के प्राचार्य के नाम एक पत्र लिखिए।

23. पाठ्य क्रम में निर्धारित पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धि और दाम संबंधी पूछताछ करते हुए, प्रकशक, भण्डारी प्रकाशन, नई दिल्ली के नाम एक पूछताछ पत्र लिखिए।

24. हिन्दी अनुवादक पद पर नियुक्ति संबंधी अनुदेश देते हुए एक कार्यालय आदेश का प्रारूप तैयार कीजिए।
